प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

गृह विज्ञान महाविद्यालय में ऑनलाइन सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम प्रारम्भ

पंतनगर। 25 जनवरी 2021। विश्वविद्यालय के आई.डी.पी.-नाहेप द्वारा विभिन्न महाविद्यालयों में ऑनलाइन पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में गृह विज्ञान महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा प्रेक्टिकल एप्रोचेस फॉर डाइट काउंसलिंग विषय पर 3 माह का सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया। प्राध्यापक, कीट विज्ञान विभाग एवं सह-संयोजक ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्सेज, डा. रविमोहन श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय में आई.डी.पी-नाहेप द्वारा संचालित किए जा रहे विभिन्न ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की जानकारी दी तथा कोरोना काल में ऑनलाइन विषयों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। अधिष्ठात्री, गृह विज्ञान महाविद्यालय, डा. अल्का गोयल, ने पाठ्यक्रम को तैयार करने में सम्मिलित खाद्य एवं पोषण विभाग के प्राध्यापकों, डा. सरिता श्रीवास्तव, डा. प्रतिमा अवस्थी एवं डा. नीतू डोभाल को बधाई दी तथा इस पाठ्यक्रम में पंजीकृत सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। डा. अल्का गोयल ने सर्टिफिकेट कोर्स के बारे में बताते हुए कहा कि यह पाठ्यक्रम वर्तमान समय की जरूरत है क्योंकि यह पाठ्यक्रम हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में छोटी बड़ी बीमारियों की रोकथाम से संबंधित जानकारी देगा।

डा. सरिता श्रीवास्तव द्वारा पाठ्यक्रम के अंर्तगत पढ़ाये जाने वाले विभिन्न शीर्षकों के बारे में बताया साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि इस पाठ्यक्रम के अंर्तगत प्रसिद्ध अस्पतालों के विशेषज्ञों के व्याख्यान भी आयोजित किये जायेंगे। डा. प्रतिमा तिवारी द्वारा ऑनलाइन सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम के कंटेंट को पढ़ने, डाउनलोड करने एवं प्रश्नपत्र संबंधित जानकारी दी। अंत में डा. नीतू डोभाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में परियोजना की डा. दीप्ति, डा. निखिलेश कुमार तथा डा. भूपिंदर औलेख का सहयोग रहा तथा कार्यक्रम में 21 पंजीकृत प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।